## N.4 : An interactive session with DAE officials on Project Planning and Monitoring

*Interactive discussion session in progress.*

It is proposed to introduce a system of strict planning and monitoring of all XI plan projects of the Department. Putting such a system to work would require awareness among all those involved with the projects in various units of DAE. To generate this kind of awareness, a team of DAE officials visited RRCAT on March 10, 2008 for a one day interactive session with all those in RRCAT who are involved in the various stages, such as project formulation, submission, implementation and monitoring of XI plan projects. The DAE team was headed by Shri. V.P. Raja, Principal Advisor, DAE. The members from RRCAT who participated were headed by Director and included all scientific and technical staff connected to the XI plan projects, representatives from core monitoring group, budget and finance personnel and senior members from administration and purchase and stores. The DAE team gave talks covering all aspects of proper management of projects. The issues discussed ranged from seeking approval for projects to asking for and utilizing funds in a planned way in conformity with the guidelines of the department. One web based project monitoring software (developed by Computer Centre, RRCAT) was demonstrated. This software can be used by project co-ordinators to monitor their XI plan projects efficiently.

*Reported by:*
*Anil Banerji (anilban@rrcat.gov.in)*

## N.5 : राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र द्वारा आयोजित हिन्दी की विभिन्न गतिविधियाँ

राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र, इन्दौर में राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में किए कार्यों तथा प्रमुख उपलब्धियों का ब्यौरा निम्नानुसार है :-

केन्द्र में वर्ष 2007 के दौरान आयोजित कुल 13 हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत करने के लिए दिनांक 08 फरवरी 2008 को हिन्दी पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। भूजल विभाग, जोधपुर, राजस्थान के वैज्ञानिक डा. डी. डी. ओझा समारोह के मुख्य अतिथि थे। समारोह की अध्यक्षता केन्द्र के निदेशक डॉ. विनोद चन्द्र साहनी ने की। इस अवसर पर डा. डी. डी. ओझा ने "वेद और विज्ञान" विषय पर हिन्दी में एक वार्ता प्रस्तुत की। तत्पश्चात उन्होंने हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर केन्द्र के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात निदेशक महोदय ने सभी कलाकारों को स्मृति चिह्न प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया।

केन्द्र में दिनांक 1 मार्च 2008 को मनाए गए विज्ञान दिवस पर केन्द्र में चल रही वैज्ञानिक गतिविधियों की जानकारी से संबधित हिन्दी में एक विवरणिका (ब्रोचर) तैयार की गई। विज्ञान दिवस के बैनर केवल हिन्दी में तैयार किए गए।

दिनांक 3 मार्च 2008 को 39 वीं एक पूर्ण दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 04 अधिकारियों एवं 13 कर्मचारियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में राजभाषा नीति, पऊवि की गतिविधियां, विकिरण स्वास्थ्य एवं समाज तथा सूचना का अधिकार अधिनियम विषय पर व्याख्यान आयोजित किए गए।

*"पदार्थ विज्ञान की नई दिशाएं" विषय पर यूजीसी डीएई सीएसआर तथा आरआरकेट द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक दिवसीय वैज्ञानिक संगोष्ठी के अवसर प्रकाशित स्मारिका का विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. बी.ए. दासण्णाचार्य, साथ में वी.सी. सहानी, डॉ. प्रवीण चड्ढा, श्री समोद कुमार शुक्ला, प्रो. अजय गुप्ता, डॉ. रमा चारी एवं श्री जयनारायण सोनी।*

प्रथम बार आरआरकेट एवं यूजीसी-डीएई-सीएसआर द्वारा संयुक्त रुप से "पदार्थ विज्ञान की नई दिशाएं" विषय पर एक पूर्ण दिवसीय वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 14 मार्च, 2008 को युनिवर्सिटी कैंपस स्थित भिडे सभागृह में किया गया। इसमें कुल 9 वार्ताएं प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर उद्धाटन सत्र के दौरान केन्द्र की गृह पत्रिका "प्रगति" के 20 वें अंक तथा वैज्ञानिक संगोष्ठी की "स्मारिका" का विमोचन मुख्य अतिथि डॉ. बी.ए. दासन्नाचार्य पूर्व निदेशक, यूजीसी-डीएई-सीएसआर ने किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष आरआरकेट के निदेशक डॉ. विनोद चन्द्र साहनी, डॉ. प्रवीण चड्ढा, निदेशक, यूजीसी-डीएई सीएसआर, प्रो. अयज गुप्ता, केन्द्र निदेशक, आरआरकेट की राभाकास के अध्यक्ष श्री समोद कुमार शुक्ला, वैज्ञानिक संगोष्ठी आयोजन समिति की अध्यक्ष डॉ. रमा चारी ने भी इस अवसर पर अपने विचार प्रकट किए। संगोष्ठी का संचालन सहायक निदेशक (राभा) एवं सचिव श्री जे. एन. सोनी ने किया। श्री विजय कुमार शुक्ला वैज्ञानिक अधिकारी / डी ने आभार माना।

दिनांक 20 मार्च 2008 को केन्द्र के मुख्य सभागृह में होली की पूर्व संध्या पर एक हास्य व्यंग्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में ज्ञानवाणी केन्द्र. इन्दौर के निदेशक एवं फिल्म निर्माता निर्देशक श्री प्रफुल्ल मोहंती थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तथा स्थानीय कलाकारों ने अपनी रचनाओं से समारोह में उपस्थित करीब 600 श्रोताओं को मंत्र-मुग्ध कर दिया।

*प्रस्तुति :*
*जय नारायण सोनी (jnsoni@rrcat.gov.in)*